## संपादकीय

# सोलहवां सफर

बजट सत्र के समापन के साथ ही सोलहवीं लोकसभा का कार्यकाल अच्छे माहौल में संपन्न हुआ। तीन दशक के बाद पूर्ण बहुमत के साथ आई सरकार के कामकाज में आत्मविश्वास की झलक नजर आई। यही वजह है कि जनता की अपेक्षाएं भी बहुत ज्यादा रहीं। उत्पादक के लिहाज से सोलहवीं लोकसभा यूपीए-2 सरकार के मुकाबले बीस फीसदी अधिक रही। वहीं राज्यसभा में पूर्ण बहुमत न होना राजग सरकार की दुखती रग रही, जिसके चलते तीन तलाक विधेयक व नागरिकता संशोधन विधेयक सिरे न चढ़ सके। इस लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष न चुना जाना जहां विसंगति रही, वहीं सर्वाधिक महिला सांसदों के लिए भी इस लोकसभा को याद किया जायेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा-दशा तय करने वाला जीएसटी जैसे परिवर्तनकारी सुधार इसी लोकसभा की देन है, जिसके लिए लोकसभा के केंद्रीय कक्ष में रात्रि में विशेष सत्र बुलाया गया। आर्थिक अपराधियों पर नकेल कसने के लिए भगोड़ों के खिलाफ कानून इस लोकसभा के दौरान अस्तित्व में आया। इसी तरह दिवालिया कानून भी बना। इसके अलावा समय से पहले एक फरवरी को आम बजट पेश करने की परंपरा के साथ रेलवे बजट को मुख्य बजट में समाहित किया गया।

जनता अपेक्षा करती है कि राजनीतिक दल दलीय मतभेदों से परे होकर राष्ट्रहित के मुद्दों पर सहमति बनायेंगे। मगर कई बार मुखर मतभेद लोकसभा के सुचारु संचालन में बाधक बने। जहां एक ओर पूर्ण बहुमत के बूते राजग सरकार बेबाकी से आगे बढ़ती रही, वहीं विपक्ष नेतृत्व के अभाव में बिखरा-बिखरा नजर आया। बेहतर होता कि तमाम पार्टियां समन्वय व सम्मान की कार्यसंस्कृति विकसित करते हुए ज्वलंत मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय राष्ट्रीय हित के विषयों पर आम सहमति बनाती। फिर लोकसभा चुनावी मंच का अहसास न कराती। साथ ही जनप्रतिनिधि उन मतदाताओं की आकांक्षाओं पर खरे उतरते, जिन्होंने उन्हें चुनकर लोकसभा में भेजा है, जिससे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को लेकर यह संदेश जाता कि सदन के सदस्य पार्टी लाइन से हटकर सार्थक विमर्श का हिस्सा बनते हैं। फिर जनमानस लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में बहस के स्तर को लेकर मन संशय नहीं रखता। तब लोकसभा का कीमती वक्त यूं ही व्यर्थ नहीं जाता। उसकी उत्पादकता का स्तर और ऊंचा होता। काश! जैसा सद्भाव सोलहवीं लोकसभा के आखिरी दिन देखने को मिला, वैसा पूरे पांच साल कायम रहता। उम्मीद है कि सत्रहवीं लोकसभा के सदस्य अपने जिम्मेदार व संवेदनशील व्यवहार से लोकसभा की गरिमा को नई ऊंचाइयां देंगे।

# पाकिस्तान के सीमेंट निर्यात को झटका, भारतीय आयातकों ने कंटेनर वापस मंगाने को कहा



कराची (आरएनएस)। पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान से आयात किये जाने वाले सामान पर भारत के 200 प्रतिशत का सीमा शुल्क लगाये जाने से भारतीय आयातकों ने आयात की गयी सीमेंट के कंटेनर वापस मंगाने को कहा है। भारतीय आयातकों ने पाकिस्तान सीमेंट निर्यातकों से कहा है कि वह अपने कंटेनर वापस मंगा लें। पुलवामा में 14 फरवरी को हुए हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल(सीआरपीएफ) के 40 जवान मारे गए थे । इसके बाद भारत ने पाकिस्तान का वरीयता प्राप्त राष्ट्र का दर्जा वापस लेने के साथ ही आयात होने वाले सामान पर 200 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था।

एक सीमेंट निर्यातक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया सीमेंट उद्योग को भारत के खरीदारों से यह संदेश मिलने लगे हैं कि वह अपने कंटेनर वापस मंगा लें। कुछ निर्यातकों ने इन्हें वापस मंगाना शुरु भी कर दिया है। निर्यातक ने बताया कि 600 से 800 तक सीमेंट से लदे कंटेनर कराची बंदरगाह, खुले समुद्र अथवा कोलंबो और दुबई में खड़े हैं। उन्होंने बताया कि केरल में पिछले साल आयी भयंकर बाढ़ के बाद भारत सरकार के 50 अरब रुपये के पुनर्वास कोष के फैसले से निर्यात बढ़ने के आसार थे लेकिन इसके परिणामस्वरुप अतिरिक्त मांग निकलने पर सीमेंट की कीमत और मांग दोनों में इजाफा होता।

निर्यातक ने भय जताया पुलवामा हमले के बाद स्थिति पलट गयी है और भारत में नयी सरकार के गठन तक स्थिति अधर में रहेगी। उसने बताया कि पाकिस्तान से भारत को सात से आठ करोड़ डालर का निर्यात होता था। पाकिस्तान से भारत को आयात की जाने वाली कुल सीमेंट में से 75 प्रतिशत वाघा बार्डर से जबकि शेष समुद्र के रास्ते भेजी जाती थी। चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत में सीमेंट का आयात 648108 टन रहा जबकि 2017..18 में यह 12 लाख 12 हजार टन था।

# सचिन बंसल ने ओला में 650 करोड़ रुपये का निवेश किया



नई दिल्ली (आरएनएस)। फ्लिपकार्ट के सह संस्थापक सचिन बंसल ने देश की ऐप आधारित कैब सेवा कंपनी ओला में 650 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे ओला को अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनी उबर के साथ प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। ओला ने मंगलवार को बयान में कहा कि बंसल ने यह निवेश अपनी निजी हैसियत से किया है और यह किसी के द्वारा व्यक्तिगत रूप से कंपनी में किया गया आज तक का सबसे बड़ा निवेश है।


जनवरी में ओला ने श्रृंखला जे दौर के वित्तपोषण के तहत बंसल को 150 करोड़ रुपये के शेयर जारी किए थे। सचिन बंसल ने एक दशक पहले बिन्नी बंसल के साथ फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। अमेरिका की खुदरा क्षेत्र की कंपनी वॉलमार्ट ने फ्लिपकार्ट में 77 प्रतिशत हिस्सेदारी 16 अरब डॉलर में खरीदी है, जिसके बाद सचिन बंसल इससे बाहर निकल गए।

सचिन बंसल ने कहा कि ओला देश का सबसे तेजी के साथ बढ़ने वाला उपभोक्ता कारोबार है, जो गहरा प्रभाव छोड़ रही है। ओला ने एक अरब डॉलर का वित्तपोषण जुटाने की योजना बनाई है। सचिन बंसल द्वारा किया गया निवेश इसी का हिस्सा है। बेंगलुरु की कंपनी ओला ने पिछले साल अक्टूबर में चीन की टेन्सेंट होल्डिंग्स और सॉफ्टबैंक ग्रुप से 1.1 अरब डॉलर का वित्तपोषण जुटाया था।

## स्पाइसजेट शुरू करेगी 12 नई उड़ानें


गुरुग्राम (आरएनएस)। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट पांच घरेलू मार्गों पर 31 मार्च से 12 नई उड़ानें शुरू करेगी। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि वह भोपाल और सूरत, मुंबई और गोरखपुर तथा जयपुर और धर्मशाला के बीच हवाई सेवा शुरू करने वाली पहली एयरलाइन होगी। इनके अलावा भोपाल-मुंबई और भोपाल-दिल्ली मार्ग पर नई सेवाएं शुरू कर रही है।

# सोने की कीमतें तोड़ रही रिकार्ड



नई दिल्ली (आरएनएस)। वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही तेजी के बीच घरेलू जेवराती खरीद बढ़ने से मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 230 रुपये चमककर 34,680 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी भी 100 रुपये की तेजी में दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 41,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अमेरिका और चीन की बातचीत के सकारात्मक रुख से दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के नरम पड़ने से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में पीली धातु की चमक तेज हुई है। लंदन का सोना हाजिर 2.00 डॉलर की बढ़त में 1,328.15 डॉलर प्रति औंस बोला गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 8.60 डॉलर की मजबूती के साथ 1,330.70 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

# स्टार्टअप को मिलेगी आयकर में छूट




नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप को आयकर में छूट देने की प्रक्रिया को सरल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि उद्योग एवं घरेलू व्यापार प्रोत्साहन विभाग जल्दी ही इस संबंध में अधिसूचना जारी करेगा। इससे स्टार्टअप को आयकर अधिनियम की धारा 56(2) सप्तम्बी के तहत छूट मिलेगी। नये कारोबारियों को पूंजी के संकट को देखते हुए लंबे समय से स्टार्टअप को आयकर में रियायत देने की मांग की जा रही है। हाल में युवा कारोबारियों, निवेशकों और संबद्ध विभागों की अधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी थी। इस बदलाव के कारण स्टार्टअप की परिभाषा का विस्तार होगा और किसी भी नये उद्योग को दस वर्ष तक स्टार्टअप माना जाएगा। पहले यह अवधि सात वर्ष तक थी। इसके अलावा किसी भी उद्योग को एक वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपए तक कारोबार करने तक स्टार्टअप माना जाएगा। पहले यह राशि 25 करोड़ रुपए थी। स्टार्ट अप को उस समय तक कर छूट मिलती रहेगी जब तक कंपनी 10 लाख रुपए से अधिक की पूंजीगत वस्तुएं नहीं खरीदती है या किसी अन्य कारोबार में निवेश नहीं करती है।

# आईपीएल के 12वें एडिशन के शुरुआती 2 सप्ताह का शेड्यूल जारी

## चेन्नै और आरसीबी में होगा पहला मैच

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें एडिशन के शुरुआती 2 सप्ताह का शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया गया। आईपीएल के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर फिलहाल 5 अप्रैल तक का शेड्यूल जारी किया गया है। पहला मैच शनिवार 23 मार्च को गत चैंपियन चेन्नै सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला चेन्नै की मेजबानी में होगा। इसके बाद 24 मार्च को दो मैच खेले जाएंगे। इनमें दोपहर को कोलकाता की टीम हैदराबाद को टक्कर देगी। वहीं शाम के मैच में तीन बार की चैंपियन मुंबई का मुकाबला नाम बदलकर खेलने उतर रही दिल्ली कैपिटल्स (पुराना नाम दिल्ली डेयरडेविल्स) से होगा। 25 मार्च को सिर्फ एक मैच खेला जाएगा जो राजस्थान रॉयल्स और पंजाब के बीच जयपुर में होगा।

26 मार्च को आईपीएल के 5वें मैच में दिल्ली की टीम के सामने चैन्नै की चुनौती होगी। 27 मार्च को कोलकाता और पंजाब की टीमें कोलकाता में आमने सामने होंगी। अभी तक के शेड्यूल के मुताबिक, चेन्नै, कोलकाता, मुंबई, जयपुर, दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मोहाली की मेजबानी में आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे। 28 मार्च को आरसीबी और मुंबई की भिड़ंत बेंगलुरु में होगी जबकि 29 मार्च को हैदराबाद की मेजबानी में सनराइजर्स की टक्कर पूर्व चैंपियन राजस्थान रॉयल्स से होगी।

# ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा- हार्दिक पंड्या से बेहतर हैं मार्कस स्टोइनिस



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबात मैथ्यू हेडेन ने कहा कि मौजूदा समय में मार्कस स्टोइनिस भारत के होनहार हरफनमौला हार्दिक पंड्या से बेहतर खिलाड़ी हैं. ऑस्ट्रेलिया के लिए 103 टेस्ट खेलने वाले इस दिग्गज खिलाड़ी को भी लगता है कि तेज गेंदबाज पैट कमिंस दोनों देशों के बीच वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को मुश्किल में डाल सकते हैं. उन्होंने हालांकि भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की तारीफ करते हुए कहा कि हरियाणा का यह गेंदबाज बीच के ओवरों में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल को कड़ी टक्कर देगा. ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के दौरे पर दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय और पांच वनडे मैच खेलेगी. दौरे का आगाज 24 फरवरी को विशाखापत्तनम में टी-20 मैच से होगा.

हेडन ने दोनों देशों के तेज गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला की तुलना करते हुए कहा, 'स्टोइनिस विश्व स्तरीय हरफनमौला के तौर पर उभर रहे हैं. वह दुर्भाग्यशाली हैं कि उन्हें ज्यादा टेस्ट मैच खेलने का मौका नहीं मिल रहा है. वह एक स्तरीय खिलाड़ी, हालांकि हार्दिक भी अच्छे खिलाड़ी है.स्टार स्पोर्ट्स कमेंट्री पैनल के सदस्य हेडन ने कहा, 'स्टोइनिस ने अपने खेल के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है, जिससे वह अपने देश के लिए मैच जीत रहे हैं. हार्दिक के पास भी यही जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे लगता है कि स्टोइनिस बेहतर खिलाड़ी हैं.

# मंत्रों का जोर से उच्चारण, करना क्यों जरुरी है जानिए



मंत्र शब्दों का एक खास क्रम है जो उच्चारित होने पर एक खास किस्म का स्पंदन पैदा करते हैं, जो हमें हमारे द्वारा उन स्पंदनों को ग्रहण करने की विशिष्ट क्षमता के अनुरूप ही प्रभावित करते हैं। हमारे कान शब्दों के कुछ खास किस्म की तरंगों को ही सुन पाते हैं। उससे अधिक कम आवृति वाली तरंगों को हम सुन नहीं पाते। हमारे सुनने की क्षमता 20 से 20 हजार कंपन प्रति सेकेंड हैं। पर इसका यह अर्थ नहीं कि अन्य तरंगे प्रभावी नहीं है। उनका प्रभाव भी पड़ता है और कुछ प्राणी उन तरंगों को सुनने में सक्षम भी होते हैं। जैसे- कुछ जानवरों और मछलियों को भूकंप की तरंगों की बहुत पहले ही जानकारी प्राप्त हो जाती है और इनके व्यवहार में भूकंप आने के पहले ही परिवर्तन दिखाई देने लगता है। इन्हीं सिद्वांतों पर आज की बेतार का तार प्रणाली भी कार्य करती है। इसे इस उदाहरण के द्वारा आसानी से समझा जा सकता है कि रेडियो तरंगे हमारे चारों ओर रहती है पर हमें सुनाई नहीं पड़ती क्योंकि वे इतनी सूक्ष्म होती हैं कि हमारे कानों की ध्वनि ग्राह्य क्षमता उन्हें पकड़ ही नहीं पाती।

# वर्ल्डकप में भारत पाकिस्तान से मैच खेलेगा या नहीं? आईसीसी भी चिंतित




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और विश्व कप-2019 आयोजन समिति को अब भी विश्वास है कि मैनचेस्टर में 16 जून को होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच अपने तय कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे.

आईसीसी ने हालांकि यह भी कहा है कि वर्ल्ड कप से पहले भारत-पाक संबंधों पर उसकी नजर है. आईसीसी का यह बयान उन अटकलों के बीच आया है, जिसमें कहा जा रहा है कि पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद विश्व कप-2019 में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करना चाहिए.

# ऐसे बनाइए एवोकाडो स्ट्रॉबेरी स्मूदी



विटामिन ब से भरपूर है एवोकाडो और यह आपके हेल्थ के लिए काफी लाभकारी मानी जाती है. एवोकाडो डायबिटीज और आंखों के लिए काफी लाभकारी होती है.

एक नज़र

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

कितने लोगों के लिए : 2 - 4

समय : सिर्फ 20 मिनट

मील टाइप : वेज

आवश्यक सामग्री

2 एवोकाडो

14 स्ट्रॉबेरी

4 पके हुए केले

2 बड़ा चम्मच चीनी

आधा कप पानी

3-4 आईस क्यूब्स

सजावट के लिए

पुदीने के पत्ते 4-5

विधि- सबसे पहले एवोकाडो को छील लें.

- इसके बाद एवोकाडो को मोटे मोटे टुकड़ो में काटकर मिक्सी में डाल दें.
- स्ट्रॉबेरी और केलों को भी मोटा-मोटा काटकर मिक्सी में डाल दें.
- अब आईस क्यूब्स डालकर मिक्सी चलाएं.
- पेस्ट के स्मूद यानी गाढ़ा होने तक इसे फेंटते रहें.
- अगर स्मूदी ज्यादा गाढ़ी हो जाए तो थोड़ा सा पानी डालकर मिक्सी को दोबारा चला लें.
- तैयार है एवोकाडो स्मूदी विद स्ट्रॉबेरी. इसे सर्विंग गिलास में डालकर पुदीने के पत्ते से गार्निश कर सर्व करें.


# शब्द सामर्थ्य-84

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# सू-दोकू-84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

मेषः आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। बाहर के खान-पान से बचें। ऑफिस में साथ काम करने वालों से आपको लाभ होगा।

वृषभः शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में सहायक होंगे। आपके लिए कार्य के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा। धन लाभ की संभावना हैं। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा।

मिथुनः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। परिजनों एवं संतान से अनबन हो सकती है। क्रोध और वाणी पर संयन रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, आंखों में थोड़ी समस्या हो सकती है।

कर्कः आपका दिन आनंद व उल्लास में बीतेगा। व्यापार में लाभ होगा व आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। विवाह के योग अच्छे हैं।

सिंहः आपके आत्मविश्वास से हर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाएगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। प्रमोशन की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा।

कन्याः आज आपका दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं संबंधियों से हुई मुलाकात, आनंददायक रहेगी। स्त्री मित्रों से लाभ होगा।

तुलाः ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। खर्च बढ़ जाने से आर्थिक तंगी अनुभव हो सकता है। वाणी और क्रोध पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। नए संबंध अनिष्टकारक हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आमोद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने से मन प्रसन्न होगा। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

धनुः आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मकरः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ऑफिस में अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। संतान के साथ मतभेद होने की आशंका है।

कुंभः आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज के आयोजित हर कार्य अच्छी तरह से संपन्न होंगे।

मीनः आज का दिन अति उत्तम है। आपकी सृजनात्मक शक्ति यों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण कार्यसफलता में सरलता होगी। जीवन साथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।